हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री से.
न्यूनतम 22.0 डिग्री से.

8 मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़



8 इंडस स्कूल के तीन खिलाड़ियों ने चमकाया नाम



खबर संक्षेप

हमला कर घायल करने वाले चार पर मामला दर्ज

जींद। गांव पड़ाना में रंजिशन बाइक रोक हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पड़ाना निवासी दिलबाग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी रोशन परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत 11 अक्टूबर को बाइक लेकर कुछ सामान लेने जा रहा था। उसी दौरान रोशन परिवार के लोगों ने रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई।

रेलवे लाइन के पास मिला अज्ञात युवक का शव

जींद। शहर रेलवे स्टेशन और पांडू पिंडारा के बीच रेलवे पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। रेलवे पुलिस को बुधवार दोपहर सूचना मिली थी कि शहर रेलवे स्टेशन और पांडू.पिंडारा स्टेशन के बीच करीब 25 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

जेवरात व नकदी गायब मौसेरे भाई पर केस दर्ज

जींद। गांव लिजवाना कलां में मकान से जेवरात व नगदी गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लिजवाला कलां निवासी मोहिनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास उसका मौसेरा भाई गांव बेरी रोड (झज्जर) निवासी योगेश उसके पास अक्सर आता-जाता रहता है। जो कई-कई दिन ठहरता है। गत 11 को योगेश उसके पास आया था।

उधार पर कचौरी नहीं दी तो हमला कर किया घायल

जींद। बीईओ कार्यालय के निकट उधार में कचौरी नही दी तो कुछ युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर सात-आठ अज्ञात युवको के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंड मार्केट निवासी लक्ष्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीईओ कार्यालय के निकट शाम को कचौरी की रेहड़ी लगाता है। रामलीला चलने के कारण वह देर रात तक रेहड़ी लगाता है। देर रात को मेडिकल पर काम करने वाला युवक तीन युवकों के साथ रेहड़ी पर उधार पर कचौरी लेने लगे।

चचेरा भाई बन लगाया डेढ़ लाख का चूना

जींद। दनौदा खुर्द के युवक को विदेश में रह रहा चचेरा भाई बन कर डेढ़ लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनौदा खुर्द निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई सुमित अमेरिका में रह रहा है। गत दस अक्टूबर को उसके व्हाट्सअप पर कॉल आई। जिसने कहा कि वह सुमित बोल रहा है। परिवार के बारे में उसने हालचाल जाना। उसने कहा कि वह उसके खाते में सात लाख 85 हजार रुपये भेज रहा है।

खेतों से तार चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

राजौंद। थाना राजौंद क्षेत्र के गांव नंदकरण माजरा में खेतों से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी करने के मामले की जांच एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते आरोपी बधाना जिला जींद निवासी कृष्ण तथा गांव शाहपुर जिला जींद निवासी सुनील को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव नंदकरण माजरा निवासी शमशेर सिंह की शिकायत अनुसार 29 सितंबर की रात को उसके खेत से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी हो गई थी।

पीआर धान की खरीद न होने तथा समस्याओं से खफा होकर उठाया कदम, जमकर नारेबाजी

किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कभी नमी तो कभी अन्य बहाना बना किसानों को किया जा रहा परेशान

जिले की मंडियों में धान फसल पीआर की खरीद न होने तथा उठान न होने के विरोध में किसानों ने बुधवार को जींद, उचाना नरवाना, पिल्लूखेड़ा मंडी तथा सफीदों मार्केट कमेटी कार्यालयों पर ताले जड़ दिए। विरोध में किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालयों के सामने धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और सरकार पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान भाकियू के बिदंर नबरदार के नेतृत्व में जींद मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और ताला जड़ कर धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि पीआर धान की खरीद नही हो रही है। वहीं भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष बलबीर गुरूसर के नेतृत्व में किसान नरवाना मार्केट कमेटी पहुंचे और ताला जड़ दिया। उन्होंने कहा कि सरकार पीआर धान की खरीद नही कर रही है। मंडियों में उठान की प्रक्रिया धीमी है। किसानों को एमसपी का लाभ नही मिल रहा है। वहीं सफीदों में भाकियू के नवीन के नेतृत्व में किसानों ने पिल्लूखेड़ा मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला जड़ कर धरना दिया। वहीं पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी गेट की तालाबंदी दूसरे दिन भी जारी रही। वहीं उचाना में किसान भाकियू के वीरेंद्र के नेतृत्व में मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और ताले जड़ कर धरना दिया। किसानों का कहना था कि धान फसल पीआर की खरीद नही हो पा रही है। किसान फसल बेचने के लिए मंडियों में डेरा डाले हुए हैं। कभी नमी ज्यादा तो कभी कोई बहाना बना कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। कहीं मिलर नही पहुंचें तो कहीं बारदाने की कमी है। कहीं पर मंडियों से उठान नही हो पा रहा है। जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने धान खरीद को लेकर आ परेशानी को लेकर अधिकारियो को भी अवगत करवाया हुआ है। बावजूद इसके किसानों की परेशानी कम नही हो रही है। अधिकारी केवल आश्वासनों तक सिमटे हुए हैं। अब किसानों के पास मार्केट कमेटी कार्यालयों के ताला जडने के सिवाय कोई रास्ता नही बचा था। उन्होंने चेताया की सरकार धान खरीद को लेकर रवैये को नही सुधारा तो किसान बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगें। किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालयों के सामाने धरने देकर भड़ास भी निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



जींद। मंडी गेट पर ताला जड़ते हुए किसान।



जींद। मार्केट कमेटी नरवाना के सामने धरना देते हुए किसान।

नमी मापने वाली मशीनों में मिला अंतर

बुधवार को दोपहर बाद जब खरीद एजेंसी हैफेड के कर्मियों ने धान खरीद को शुरू किया तो काफी ढेरियों में नमी की मात्रा ज्यादा मशीन ने दिखाई। जिस पर किसानों का नमी मापने वाली मशीन पर संदेह हुआ। किसान मार्केट कमेटी की मशीन ले आए। फिर उन्हीं ढेरियों की नमी मापी गई तो उनमें हैफेड मशीनों की बजाय नमी तीन अंक कम मिली। जिस पर किसानों ने खरीद एजेंसी को खूब खरी खोटी सुनाई। फिर मार्केट कमेटी की मशीन से नमी माप कर खरीद का कार्य शुरू करवाया गया।

उचाना: किसानों के खातों में पहुंचे तीन करोड़ रुपये

उचाना। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में पीआर धान की खरीद निरंतर जारी है। मंडी में अब तक 1 लाख 37 हजार क्विंटल पीआर धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 95 हजार क्विंटल से अधिक की खरीद की जा चुकी है। वहीं, किसानों के खातों में करीब 3 करोड़ रुपये की पेमेंट पहुंच चुकी है। उठान की प्रक्रिया में पोर्टल के चलते आई परेशानी अब दूर हो रही है और उठान की रफ्तार बढ़ रही है। खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 17 हजार क्विंटल पीआर धान का उठान हो चुका है। उठान में तेजी लाने के लिए लिफ्टिंग ठेकेदार को गाडियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खरीदी गई धान का समय पर उठान सुनिश्चित किया जा सके। किसान नेताओं को साथ लेकर लगातार धान की ढेरियों पर जाकर मीटर से नमी की जांच की जा रही है।



जींद। सफीदों मंडी का दौरा करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो :हरिभूमि

खरीद में देरी बर्दाश्त नहीं, किसानों की पूरी फसल खरीदेगी सरकार : श्यामसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धान खरीद सीजन के बीच किसानों को राहत देने के लिए हरियाणा सरकार ने खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने और मंडियों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर जोर दिया है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को सफीदों की नई अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद, फसल के उठान और किसानों को भुगतान की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की उपज खरीदने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन किसानों की फसल का उत्पादन अधिक हैए उनकी उपज का भी एक.एक दाना खरीदा जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंडियों में फसल खरीद से लेकर उठान और भुगतान तक की प्रक्रिया पारदर्शी और तेज बनाई जाएगी। किसानों और आढ़तियों को परिवहनए उठान तथा बारदाने की कमी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों से अपील की कि वे धान को अच्छी तरह सुखा कर और साफ करके मंडी में लेकर आएं, ताकि नमी निर्धारित मानकों के अनुरूप रहे और खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान

कैथल। धान की खरीद में देरी, मंडियों में फसल का उठान नहीं होने और नमी के नाम पर कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कैथल अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रोष जताया और मार्केट कमेटी कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले धरने में किसान संगठनों के पदाधिकारियों और किसानों ने भाग लिया। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 23 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। । इसके बावजूद खरीद समय पर शुरू नहीं हुई और मंडियों में खरीदी गई फसल का रोजाना उठान भी नहीं हो रहा। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने और अगली फसल की तैयारी करने में दिक्कत आ रही है। धरने में किसान सभा के जिला प्रधान जसबीर सिंह, धर्मपाल भुना, सुरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह किठाना सहित विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। किसान यूनियन से सतपाल सिंह दिनोवाली, महेंद्र सिंह रामगढ़, शो चंद, जसपाल, राममेहर, ध्यान चंद, मेवा राम, राजा राम, देवी दयाल सोगल, रमेश, रतन सिंह और टहल सिंह सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे। जिला संयोजक महेंद्र सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो 23 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।



धान खरीद में देरी-कम रेट पर भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

धान की खरीद में देरी, मंडियों में फसल के उठान की धीमी गति और नमी के नाम पर कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ढांड अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया और रोष स्वरूप कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए धान की खरीद से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि हरियाणा में किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल मंडियों में पहुंचने से मंडियां पूरी तरह भर चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि किसानों को अपनी फसल सड़कों और खेतों में रखनी पड़ रही है। इसके बावजूद सरकार की ओर से समय पर खरीद शुरू नहीं की गई और खरीदी गई फसल का नियमित उठान भी नहीं हो रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान और परेशानी झेलनी पड़ रही है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि किसानों को पोर्टल व्यवस्था में उलझाकर रखा गया है।



धरना देकर रोष जताते किसान नेता राजीव आर्य व किसान संगठन सदस्य।

ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में किसान सभा से मा. महेंद्र सिंह, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से राजीव आर्य ढांड और जयपाल पंवार, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन से कामरेड बाबूराम व कामरेड राजकुमार सारसा सहित सुभाष बडसीकरी, कपिल गढ़ी और बलजीत पंवार समेत अन्य किसान शामिल हुए।

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 20 लाख ठगे

कैथल। गांव भालंग में एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर उसके पिता से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोप है कि पंजाब जालंधर निवासी एक व्यक्ति ने ऑस्ट्रेलिया का फैमिली वीजा दिलाने का भरोसा देकर 5 लाख रुपए नकद और पासपोर्ट सहित जरूरी दस्तावेज ले लिए। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन माध्यम से करीब 15 लाख रुपए और मंगवा लिए। बाद में जो वीजा और टिकट दिए गए, वे जांचने पर फर्जी मिले। शिकायत के आधार पर राजौंद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव भालंग निवासी सेवा सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसके बेटे रविंद्र की बातचीत जालंधर के अमन नगर निवासी विक्की से हुई थी।

दो गाड़ियों से 32.50 किलो चूरापोस्त बरामद, तीन काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआइए स्टाफ नरवाना ने दो पिकअप गाडिय़ों को काबू कर उनमें से 32.50 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपित पिकअप गाडियों में लोड लहसुन तथा प्याज की आड़ में चूरा पोस्त को तस्करी कर पंजाब ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले तीनों लोगो के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ नरवाना के खनौरी रोड पर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुए थी। उसी दौरान नरवाना बस अड्डे की तरफ से तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी आई। चालक ने पुलिस पार्टी को देख कर गाड़ी को टोहाना रोड की तरफ मोडऩे की कोशिश की। पुलिसकर्मियो पीछा कर गाड़ी को काबू कर लिया। पुलिसकर्मियो ने जब पिकअप गाड़ी का तिरपाल हटा कर तलाशी ली तो उसमे लहसुन लोड पाया गया। जिसके बाद गाड़ी के केबिन की तलाशी ली गई तो उसमें कट्टे में बंद चूरापोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन 25 किलो 900 ग्राम पाया गया।

जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव दयोहरा में बुधवार सुबह रामा भट्ठे के पास जेसीबी मशीन की टक्कर लगने से बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान गांव बरोट के सावन के रूप में हुई है। वह मंगलवार को अपने मामा के घर गांव मलिकपुर गया था और रात को वहीं रुका था। बुधवार सुबह बाइक से लौटते समय मिट्टी से भरी जेसीबी मशीन अचानक सामने आ गई और उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सावन की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जेसीबी चालक मशीन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सड़क पर अचानक जेसीबी चढ़ाने से हुआ हादसाः कैथल सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप देशवाल ने बताया कि सावन बुधवार सुबह एक बाइक सवार युवक गांव मलिकपुर से बरोट लौट रहा था। जब वह दयोहरा में रामा भट्ठे के पास पहुंचा तो मिट्टी से भरी जेसीबी मशीन की चपेट में आ गया। चालक जेसीबी के बकेट में मिट्टी भरकर सड़क के एक तरफ से दूसरी तरफ ले जा रहा था। इसी दौरान उसने अचानक मशीन सड़क पर चढ़ा दी, जिससे बाइक सवार युवक को संभलने का मौका नहीं मिला। जेसीबी की टक्कर से उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई।

मामले की जांच जारी

थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सावन मजदूरी करके परिवार का गुजारा करता था। उसके परिवार में मां और दो भाई हैं। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। थाना प्रभारी कुलदीप देशवाल ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



55.20 ग्राम स्मैक के साथ दो महिलाएं पकड़ी

जींद। शहर थाना पुलिस ने विकास नगर में दो महिलाओ को काबू कर उनके कब्जे से 55.20 ग्राम स्मैक बरामद की है। दोनों महिलाएं अपने मकानों के आगे स्मैक बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही थी। शहर थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

शहर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि विकास नगर में दो महिलाएं अपने-अपने मकानों के सामने चारपाई पर गली में बैठी हुई हैं। जो नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दोनों उठ कर घर के अंदर जाने लगी। टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों महिलाओं को काबू कर लिया। पुलिस ने जब पहली महिला की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 35.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

खीरा, शिमला मिर्च और टमाटर की अधिक पैदावार लेने के तरीकों पर की चर्चा

तुर्की के कृषि विशेषज्ञों ने आरव पॉलीहाउस का किया दौरा

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर फसलों की पैदावार बढ़ाने और किसानों को उन्नत खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से तुर्की से आए कृषि विशेषज्ञ डॉ. मेहमत अमीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलायत के आरव पॉलीहाउस का दौरा किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने पॉलीहाउस में उगाई जा रही खीरा, शिमला मिर्च और टमाटर की फसलों का निरीक्षण किया तथा बेहतर उत्पादन के लिए अपनाई जाने वाली तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। दौरे के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि संरक्षित खेती के माध्यम से किसान कम जगह में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए फसलों की उचित देखभाल, संतुलित पोषण, सिंचाई प्रबंधन और समय पर रोगों की पहचान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने खीरा, शिमला मिर्च और टमाटर की फसलों को बीमारियों से बचाने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा मौसम के अनुसार उपयुक्त दवाइयों का इस्तेमाल करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं विशेषज्ञों ने तुर्की में अपनाई जा रही नई फसल नीतियों और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेती में नई तकनीकों का समुचित उपयोग किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ फसलों की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायक हो सकता है। इस दौरान पॉलीहाउस में खेती करने की आधुनिक पद्धतियों और फसल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप सहारण ने कृषि विशेषज्ञों की टीम का स्वागत किया। वहीं, विकास कोलेखां, जसविंदर सहारण और संदीप चौशाला ने डॉ. मेहमत अमीन व उनकी टीम का कलायत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आईएमआर फर्टिलाइजर की पूरी टीम भी मौजूद रही। इस दौरे को आधुनिक कृषि तकनीकों के आदान-प्रदान और किसानों को उन्नत खेती के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



तुर्की से आए कृषि विशेषज्ञों की टीम कलायत के आरव पॉली हाउस का निरीक्षण करते हुए

जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर अर्टिगा गाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

■ बुजुर्ग की पहचान निम्हेड़ा निवासी राम सिंह (60) के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कलायत में जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर अर्टिगा गाड़ी की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस बुजुर्ग की पहचान निम्हेड़ा निवासी राम सिंह (60) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ पंजाब के जीरा गांव से दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने बोलेरो गाड़ी रुकवाई और लघु शंका करने के लिए नीचे उतरे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आई अर्टिगा कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए कैथल के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के बेटे निम्हेड़ा निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ निजी काम से पंजाब के जीरा गांव गए थे। देर रात परिवार बोलेरो गाड़ी में सवार होकर दिल्ली लौट रहा था। जब वे कलायत के पास जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे तो उसके पिता राम सिंह ने लघुशंका करने के लिए गाड़ी रुकवा ली।

खबर संक्षेप

सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित सिहाग ने कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में कुल 18 बच्चे उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सीजेएम अमित सिहाग ने आश्रम में रह रहे बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

मच्छरजनित बीमारियों के प्रति किया जागरूक

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जाजवान में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, पीएनडीटी एक्ट और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू रिनु शर्मा ने ग्रामीणों को जानकारी दी और जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। रिनु शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंग अनुपात में सुधार लाना और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर हवन किया

उचाना। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मंदिर से निकाली गई प्रभात फेरी के साथ हुई। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न बाजारों से होते वापस महाराजा अग्रसेन मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। प्रभात फेरी में अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हवन के बाद भंडारा लगाया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें किसान

उचाना। एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने किसानों से अपील की कि वे धान की कटाई के बाद पराली को खेतों में जलाने की बजाय उसका उचित प्रबंधन करें। पराली जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही मिट्टी में मौजूद मित्र कीट और पोषक तत्व भी नष्ट होते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। एसडीएम ने कहा कि किसान आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं।

एक डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिली, आंकड़ा 16 पहुंचा

जींद। जिला में एक-एक कर डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग को एक डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू पीड़ितों की संख्या बढ़ कर 16 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग को पडाना के 24 वर्षीय युवक की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव मिलने पर उनके घर के आसपास रेपीड फीवर मास सर्वे करवाया गया है। वहीं अबतक स्वास्थ्य विभाग को सात केस मलेरिया के व 13 केस स्वाइन फ्लू के भी मिल चुके हैं। जिनमें से दो की मौत हो चुकी है।

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रधान बने विक्रम

अलेवा। नगूरां के सब डिविजन में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप सेन ने की तथा संचालन जगदीश कुंडू ने किया। इस दौरान विक्रम बांगड़ को प्रधान, सियाराम को उप्र प्रधान, जगदीश कुंडू को सचिव, सत्यनारायण शर्मा को सह सचिव, संजय को कैशियर, दीपक खटकड़ को सह कैशियर, सोमबीर रेढू को संगठनकर्ता, प्रदीप को सह संगठनकर्ता, कश्मीर मलिक व अंशुमन को मीडिया प्रभारी, पवन रेढू को कार्यकारी अध्यक्ष, तरसेम शर्मा को सलाहकार तथा राजेश रेढू को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

मंदिरों में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू

मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जो निरंतर स्मरण करेगा, वही मां का सच्चा भक्त

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर सजी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने इत्यादि की खरीददारी भी की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि यदि मां कुष्मांडा का यह स्वरूप आविर्भूत नहीं होता तो संपूर्ण संसार अपने ही विषैले पदार्थों से स्वयं ही नष्ट हो जाता। पूरे जगत में चारों ओर विनाश, अंधकार एवं अज्ञानता का बोलबाला होता। मां कुष्मांडा ने ही संसार में पनपी पूरी विषैली ऊर्जा को स्वयं पीकर सृष्टि की रक्षा की थी। ब्रह्मांड उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कुष्मांडा देवी का वास सूर्य मंडल के भीतर लोक में है। सूर्य लोक में रहने की शक्ति व क्षमता केवल इन्हीं में है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के नौ दिन मानव जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। इन दिनों में जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से मां भगवती की अराधना करता है मां भगवती उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। जो करे निरंतर मां का स्मरण, वही है मां का सच्चा भक्त : आचार्य पवन आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि मां का भक्त वह-जो निरंतर मां का स्मरण करे। जिसके अंतःकरण में प्रतिक्षण मां की ही स्मृति बनी रहे, जिसके जीवन का प्रधान लक्ष्य केवल मां हो। आचार्य पवन शर्मा नवरात्रों की तृतीय रात्रि को माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में मंगलवार की रात उपस्थित मातृभक्तों को संबोधित कर रहे थे।





जींद। जयंती देवी मंदिर में मां की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

महायज्ञ में आहुति दी

आरपी कोहनोरिया, डा. बनीष गर्ग, डा. सविता, डा. कमल गिरोतरा, डा. विवेक सिंगला, विनोद गुप्ता, महेन्द्र मंगला, पवन गुप्ता ने सपरिवार मां चंद्रघंटा की पूजा की व महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि मां की स्मृति केवल उसे रहती है, जो मां को अपना मानता है। प्रकृति का नियम है कि जिसे हम अपना समझते हैं उसे हम कभी भूलते नहीं हैं। हम उस व्यक्ति या वस्तु को ही भूलते हैं, जिसे हम अपना नहीं समझते, जैसे कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नि आदि परिजनों को नहीं भूलता तो इसका कारण यही होता है कि वह इनको अपना मानता है। इनका स्मरण करने के लिए पृथक से कोई उपाय नहीं करना पड़ता। भगवान की स्मृति हमें इसलिए नहीं होती। क्योंकि हम उसे अपना नहीं मानते, हम भगवान की दी हुई वस्तुओं को तो अपना मानते हैं लेकिन भगवान को नहीं। कैसी विचित्र बात है कि हमने सब कुछ देने वाले को तो पराया और नश्वर वस्तुओं को अपना मान लिया है। आचार्य ने कहा कि केवल परमात्मा ही नित्य है, शाश्वत है, सनातन है इसलिए वे ही हमारे अपने हो सकते हैं।

राहुल गांधी राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश में फैला रहे भ्रम : टेकराम कंडेला

कांग्रेस-इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे अपने राजनीतिक स्वार्थ और परिवारवाद की राजनीति को बचाने के लिए देश में भ्रम और अराजकता का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर युवाओं को गुमराह करने की कोशिश की जा रही हैए लेकिन जनता विपक्ष की राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है। टेकराम कंडेला ने कहा कि देश में कांग्रेस को लंबे समय तक शासन करने का अवसर मिला है। जनता ने उसके शासनकाल को देखा और परखा है। ऐसे में विपक्ष के नेताओं के बयानों से लोग आसानी से गुमराह होने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधीए अखिलेश,अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव और ममता बनर्जी सहित विपक्ष के कई नेता अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए इंडिया गठबंधन के माध्यम से जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। उनके अनुसार केंद्र सरकार देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है और देश की जनता को प्रधानमंत्री की नीतियों पर भरोसा है। दावा किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संविधान-लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती मिली है।

यूपी में फिर भाजपा की सरकार बनेगी



भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी दल चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं को लेकर सवाल उठाते हुए राजनीतिक माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन के नेता मीडिया में बने रहने के लिए अलग-अलग संस्थाओं के पास जा रहे हैं। कंडेला ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी मुद्दे पर सवाल उठाने का अधिकार हैए लेकिन विपक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में ठोस तथ्य भी प्रस्तुत करने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जनता को आश्वासनों के माध्यम से गुमराह करते हैं और जब उनके दावों पर प्रमाण मांगे जाते हैं तो अपने बयानों से पीछे हट जाते हैं। हालांकि ये आरोप चौधरी कंडेला के राजनीतिक बयान हैं। उन्होंने पंजाब और उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए इन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने का दावा भी किया। कंडेला ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है।

पचास जिंदा कारतूस, अवैध शराब, नकदी बरामद, दो कुंडी कनेक्शन पकड़े



जींद/जुलाना। जुलाना कस्बे में पुलिस और बिजली निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मामले में 12 बोतल अवैध शराब, 50 जिंदा कारतूस तथा 24,450 रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने आम्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दो आरोपितों जसवीर उर्फ बैंड तथा रोहित को गिरफ्तार किया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच करते हुए बिना आवश्यक कागजात वाली दो मोटरसाइकिलों को भी नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पुलिस कब्जे में लिया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखना और संदिग्ध गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम करना रहा। संयुक्त अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम ने भी जुलाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान दो स्थानों पर अवैध कुंडी कनेक्शन पाए गए। बिजली विभाग द्वारा संबंधित मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।अभियान में थाना प्रभारी कमल सिंह, पुलिस चौकी गतौली के प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस चौकी मंडी जुलाना के प्रभारी अजय कुमार सहित उनकी पुलिस टीमों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त एवीटी स्टाफ इंचार्ज यशवीर सिंह अपनी टीम के साथ, स्वैट कमांडो टीम, डॉग स्क्वायड टीम, ईआरवी तथा बिजली विभाग उपमंडल जुलाना के कर्मचारी भी अभियान में शामिल रहे।

छात्राओं को सितार वादन की प्रस्तुति सुनाई

जींद। हिंदू कन्या कालेज के संगीत वादन विभाग की ओर से बुधवार को महान सितार वादक पंडित निखिल बनर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में सितार साधना एवं स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को पंडित निखिल बनर्जी के जीवनए उनकी संगीत साधना और भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके अतुलनीय योगदान से परिचित करवाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में 20 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पंडित निखिल बनर्जी के सितार वादन की प्रस्तुति सुनाई गई। साथ ही उनकी विशिष्ट वादन शैली, रागों के विस्तारए आलाप और मींड जैसी शास्त्रीय संगीत की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त संगीत ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी संगीत संबंधी जानकारी और समझ का प्रदर्शन किया।



जींद। प्राचार्या डा. पूनम मोर के साथ मौजूद छात्राएं।



अग्रोहा धाम मेले में शामिल होने का निमंत्रण देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

मेले को लेकर जींद की मंडियों में जनसंपर्क शुरू

जींद। अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल वार्षिक मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अग्रोहा धाम विकास ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जींद जिले की मंडियों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पदाधिकारियों ने जुलाना पहुंच कर अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों को मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार गोयल ने बताया कि अग्रोहा धाम विकास ट्रस्ट की जुलाना इकाई के युवा प्रधान सचिन जिंदल के प्रतिष्ठान पर समाज के प्रमुख लोगों की बैठक हुई। इसमें ट्रस्ट के जिला प्रधान ईश्वर दास गोयलए व्यापार मंडल के नगर प्रधान रामबिलास मित्तल, अग्रोहा धाम युवा इकाई के जिला प्रधान मयंक गर्ग और युवा इकाई के नगर प्रधान नीरज गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

एसडी स्कूल में 25 को जींद में सजेगा महारास

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला इकाई की ओर से जींद में पहली बार भव्य महारास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 25 अक्टूबर को एसडी स्कूल के प्रांगण में चल रहे स्वदेशी मेले में होने वाले इस कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाएं सामूहिक रूप से गरबा प्रस्तुत करेंगी। आयोजन को लेकर महिलाओं में उत्साह है। इसके लिए बाल भवन में महिलाओं और युवतियों को प्रतिदिन फ्री गरबा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन कक्षाओं में रोजाना 60 महिलाएं गरबा के गुर सीख रही हैं। पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि पांच अक्टूबर से शुरू हुई निशुल्क प्रशिक्षण कक्षाएं 23 अक्टूबर तक चलेंगी। इसके बाद 24 अक्टूबर को अंतिम अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला इकाई की ओर से प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के सानिध्य में पहली बार इस तरह की पहल की गई है।



बाल भवन में महारास कार्यक्रम की तैयारी के लिए गरबा का अभ्यास करती महिलाएं।



अलेवा। स्टालों पर योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण।

पात्रता अनुसार शिविर का लाभ उठाएं ग्रामीण

अलेवा। पेगां गांव के कम्युनिटी सेंटर में बुधवार को पंचायती विभाग द्वारा पंचायत के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीडीपीओ जयपाल सिंह ने की। इसमें मुख्य तौर पर मार्केट कमेटी अलेवा के चेयरमैन रामपाल शर्मा व उचाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुरेंद्र अत्री ने हिस्सा लिया। बीडीपीओ ने ग्रामीणों से आह्वान करते कहा कि ऐसे शिविरों में पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते ग्रामीण पात्रता के अनुसार शिविर का लाभ उठाएं। बीडीपीओ जयपाल सिंह ने कहा कि कैंप में विभिन्न विभागों की तरफ से 18 स्टाल लगाए गए। इन स्टालों पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं व कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी व लाभ प्रदान किया।



लखमीरवाला में प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी देती डा. प्रीति मलिक।

गांव लखमीरवाला में किसानों को दिया प्रशिक्षण

जींद। खेती की बढ़ती लागत के बीच किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए गांव लखमीरवाला में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र से डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी देते मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के उपाय बताए। कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान खेती को टिकाऊ बनाने और कृषि लागत नियंत्रित करने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि स्वस्थ मिट्टी और प्राकृतिक संसाधन कृषि व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। लगातार मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखना और उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करना खेती के भविष्य के लिए जरूरी है। किसानों को ऐसी कृषि पद्धतियां अपनाने पर ध्यान देना चाहिए जिनसे भूमि की उर्वरता और पर्यावरण का संरक्षण हो सके।

प्रभु श्री राम से सीखे मर्यादा व सत्य की राह पर चलने की सामर्थ्य : राजेंद्र बिडान

जींद। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन द्वारा हिंदू कन्या महाविद्यालय में चल रही श्री राम कथा 19 अक्टूबर को भंडारे के साथ संपन्न होगी। श्रीराम कथा के मुख्य यजमान के तौर पर पहुंचे राजेंद्र बिडान डायरेक्टर बीबीसी ग्रुप इंडिया व उनकी धर्मपत्नी तथा पुत्र विकास व पुत्रवधू भूमि बिडान ने श्री राम विवाह में पहुंच कर परिवार सहित प्रभु श्रीराम की पूजा तथा मां दुर्गा की स्तुति की। राजेंद्र बिडान ने कहा कि श्रीराम एकमात्र ऐसे मर्यादित भगवान थे, जिन्होंने रावण की धर्मपत्नी मंदोदरी की परछाई को भी अपने ऊपर नहीं पढ़ने दिया था तथा उन्हें उसे समय भी उन्हें माता कह कर पुकारा था। इसलिए श्री राम प्रभु को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रों में श्री राम कथा सुनने से वह दुर्गा स्तुति करने से जो भक्ति का संचार होता है, वह एक साधारण इंसान के अंदर ऊर्जा को जाग्रत करती है। कार्यक्रम के निदेशक प्रवीण सैनी वह अशोक जिंदल ने कहा कि क्लब का यह आयोजन करवाने का एक ही उद्देश्य है, जैसा बड़े विद्वान कहते हैं कि नवरात्रों में माता की जो पूजा अर्चना की जाती है वह नौ दिवसीय इसीलिए की जाती है कि धर्म के प्रति आस्था को जागृत किया जा सकेए सत्य की राह पर चलने का प्रयास करें तथा हर कार्य मर्यादा में रहकर करें तथा श्री राम कथा को सुनकर अपने जीवन में धारण करें तभी इस कार्य का पुण्य फल मिलता है। अयोध्या से पहुंचे श्री मधुरेश महाराज जी ने श्री राम कथा विवाह के प्रसंग सुनाया। क्लब के पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया आज के कार्यक्रम में शाम की आरती के यजमान के तौर चंद्र दत्त शर्मा, चंद्रप्रकाश मलिक तथा संजय गोयल तथा संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जॉन अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रभान बंसल रहेंगे।





जींद। स्टेट टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित शिक्षक सतीश सरोहा को उपहार भेंट कर सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

राज्य शिक्षक अवार्ड मिलने पर सतीश को किया सम्मानित

जींद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ा खेमावती के शिक्षक सतीश सरोहा को स्टेट टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित होने पर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिह्न व उपहार भेंट कर उनकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सतीश सरोहा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और शिक्षण कार्य के प्रति समर्पण के लिए स्टेट टीचर अवार्ड 2025 प्रदान किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। स्टाफ सदस्यों ने कहा कि शिक्षकों की मेहनतए कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से हासिल ऐसी उपलब्धियां न केवल संबंधित शिक्षकए बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय होती हैं। इस तरह के सम्मान अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करते हैं।

दीपांशु का वेटलिफ्टिंग और पायल का तीरंदाजी में हरियाणा खेल महाकुंभ के लिए चयन

इंडस स्कूल के तीन खिलाड़ियों ने चमकाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा चौथी की छात्रा अनिका ने जिला स्तरीय अंडर 11 बालिका कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं के छात्र दीपांशु और छात्रा पायल का चयन हरियाणा खेल महाकुंभ के लिए हुआ है। दीपांशु वेटलिफ्टिंग और पायल तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों से विद्यालय में खुशी का माहौल है। अनिका ने कैरम प्रतियोगिता में एकाग्रताए धैर्य और खेल कौशल का प्रदर्शन करते पहला स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के आधार पर उसका चयन राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं दीपांशु, पुत्र सियाराम ने नियमित अभ्यास और मेहनत के दम पर वेटलिफ्टिंग में अपनी पहचान बनाई है। कक्षा 12वीं की छात्रा पायल ने भी तीरंदाजी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए हरियाणा खेल महाकुंभ में जगह बनाई है। विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीनों खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। शारीरिक शिक्षा शिक्षक राजेंद्र कुमार और नरेंद्र ने भी खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना की। कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से खेलों में बेहतर उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी तीनों विद्यार्थियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जींद। खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धि हासिल करने वाली छात्रा पायल। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

बेटियों को समान अवसर देना सशक्त समाज की पहचान

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत संगतपुरा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रीना रानी और एमपीएचडब्ल्यू ओमप्रकाश शर्मा ने ग्रामीणों को बालिका शिक्षा, गिरते लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम और पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी। रीना रानी ने कहा कि बेटियों को समान अवसर और सम्मान देना ही विकसित एवं सशक्त समाज की पहचान है। बेटियां आज शिक्षा, चिकित्सा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और सेना सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। इसलिए परिवार और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाया जाए। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए कानून के साथ-साथ लोगों की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है। पीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण के लिंग का पता लगाने और लिंग चयन से जुड़ी प्रतिबंधित गतिविधियों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। ग्रामीणों से ऐसी गतिविधियों का विरोध करने की अपील की।

खबर संक्षेप



रा. विद्यालय में आज होगी एनडीआरएफ की मॉक ड्रिल

कैथल। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि 15 अक्टूबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चौक कैथल में एनडीआरएफ की ओर से मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान आपातकाल की स्थिति में विभिन्न विभागों की तैयारियों और आपसी समन्वय का अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास में सभी संबंधित विभाग अपने जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं।

राम बारात ने किया शहर वासियों को आकर्षित

पूंडरी। जय भारत ड्रामाटिक क्लब की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम बारात की शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होकर निकली। राम बारात में विशेष रूप से विधायक सतपाल जाम्बा के प्रतिनिधि सरपंच लाभ सिंह जाम्बा व भाजपा नेत्री निधि मोहन उपस्थित रही। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मन, भरत व शत्रुघन घोड़ों पर सवार होकर शहर की गलियों व मोहल्लों में होकर गुजरे। राम बारात के दौरान बैंड बाजा भी आकर्षण का केंद्र बना रहा तथा जगह-जगह श्रद्धालुओं ने नाचकर खुशी मनाई।

पबनावा व कैलरम गांव में लगाए सेवा सेतु कैंप

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के गांव पबनावा व कैलरम में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ लेने के लिए निर्धारित पात्रता की जानकारी दी गई। पबनावा गांव में आयोजित कैंप में ढांड मार्किट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला तथा कैलरम गांव में भाजपा नेता जसवंत पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

किसानों से समस्याओं की जानकारी ली

राजौंद। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल ने मंगलवार को राजौंद अनाज मंडी का दौरा कर धान लेकर पहुंचे किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मंडी में किसानों द्वारा धान की खरीद, उठान, बारदाने और फसल बिक्री में आ रही दिक्कतों को लेकर किसानों से चर्चा की।

पुलिस बर्बरता की महिला समिति ने की कड़ी निंदा

कैथल। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हरियाणा राज्य कमेटी ने 10-11 अक्तूबर को दिल्ली में छात्राओं और महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट, दुर्व्यवहार और जबरन हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की है। प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए जनवादी महिला समिति की जिला कैशियर शर्मिला पिलखन और सचिव रामकली जांगड़ा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है।

पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ मंत्री पंवार से मिला

कैथल। हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक पंचायत भवन चंडीगढ़ में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के आदेशानुसार पंचायत विभाग के अतिरिक्त निदेशक आशुतोष राजन की अध्यक्षता में बनी कमेटी के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह महला , सीपीएलओ संगठन के प्रदेश महामंत्री अनुज और प्रदेशाध्यक्ष विकास दादरी ने कमेटी के समक्ष सीपीएलओ कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।

कुरूक्षेत्र में 16 को नगाड़ा प्रतियोगिता

कैथल। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से 16 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में नगाड़ा प्रतियोगिता होगी मल्टी आर्ट सेंटर में पारंपरिक नगाड़ा वादन कला को संरक्षण प्रदान करने के साथ लोक कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

शिक्षा, खेल और डिजिटल लेनदेन के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों को किया उजागर

जिला प्रशासन बेटियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध: डीसी

- जिला एडमिनिस्ट्रेशन कैथल फेसबुक पेज पर किया लांच
- 20 गांवों की चयनित बेटियों को डीसी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले की बेटियां और महिलाएं अपनी मेहनत, प्रतिभा और मजबूत हौसलों के दम पर सफलता की नई इबारत लिख रही हैं। उनकी उपलब्धियों और प्रेरणादायक संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने तथा लिंगानुपात में सुधार के उद्देश्य से डीसी अपराजिता द्वारा शुरू की गई प्यारी बेटी मुहिम के तहत एक विशेष वीडियो लॉन्च किया गया है। इससे पहले एक विशेष न्यूज लेटर भी प्रकाशित किया जा चुका है।

डीसी अपराजिता ने कहा कि कैथल की बेटियों और महिलाओं ने शिक्षा, खेल तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी सफलता दूसरी बेटियों के लिए प्रेरणा है। जब एक बेटी आगे बढ़ती है, तो उसके साथ पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की रुचि और प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हरियाणा की धरती से की गई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं और बेटियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिला प्रशासन भी बेटियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेवा संकल्प अभियान के तहत इस दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रतिभावान बेटियों को उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।



कैथल। डीसी अपराजिता बेटियों को सम्मानित करते हुए।

लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया

डीसी अपराजिता ने कहा कि प्यारी बेटी मुहिम का उद्देश्य ऐसे ही सफल महिलाओं और बेटियों की कहानियों को सामने लाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। यह पहल न केवल बेटियों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित कर रही है, बल्कि अभिभावकों और समाज को भी यह संदेश दे रही है कि बेटियों को अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर, डा. सचिन मांडले तथा एआईपीआरओ अमित कौशिक सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच व बेटियां मौजूद रहे।

बेटियों को बनाया जा रहा रोल मॉडल

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में प्यारी बेटी मुहिम चलाई जा रही है। पहले चरण में 20 गांवों का चयन किया है, जिसमें 10 अच्छे लिंगानुपात और 10 कम लिंगानुपात वाले गांव शामिल हैं। इस मुहिम के तहत गांवों की उन बेटियों को रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिन्होंने शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं। इन बेटियों की सफलता की कहानियों से अन्य लड़कियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

खेलों के दम पर मिली सरकारी नौकरी

कृषि विभाग में लैब अटेंडेंट के पद पर कार्यरत आशा सैनी ने वर्ष 2014 में खेलों की शुरुआत की। उन्होंने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। खेलों में उनकी उपलब्धियां इस बात का उदाहरण हैं कि लगन, मेहनत और निरंतर अभ्यास से सफलता के नए रास्ते खोले जा सकते हैं। आशा सैनी को खेलों के दम पर ही सरकारी नौकरी प्राप्त करने का अवसर मिला।

मंजू गुप्ता और आशा ने खेलों में बनाई पहचान

वीडियो में पावर लिफ्टिंग के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली इंग्लिश लेक्चरार मंजू गुप्ता की सफलता को भी दर्शाया गया है। उन्होंने वर्ष 2023 में पावर लिफ्टिंग की शुरुआत की और लगातार तीन वर्षों से स्टेट ओपन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इसके अलावा इंदौर और फरीदाबाद में प्रतियोगिताओं में बेंच प्रेस तथा कुरुक्षेत्र में सिविल सर्विसेज गेम्स में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

बबीता ने डिजिटल लेनदेन से दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

वीडियो में गांव बालू की बबीता देवी की कहानी भी शामिल है, उन्होंने एक सामान्य गृहिणी से आगे बढ़कर डिजिटल लेनदेन के क्षेत्र में पहचान बनाई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गांव में ही ऑनलाइन लेनदेन का कार्य शुरू किया। क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और सबसे अधिक ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाने के लिए मुख्यमंत्री सिंह सैनी द्वारा उन्हें सम्मानित किया।

आईजी अश्विन ने पुलिस अधिकारियों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक

कैथल। पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल, करनाल अश्विन शैणवी बुधवार को कैथल पुलिस लाइन पहुंचे। जहां पुलिस लाइन में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा आईजी का स्वागत किया गया। इसके बाद पुलिस गार्द द्वारा उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस लाइन के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना व चौकी इंचार्ज तथा सभी क्राइम युनिट प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर जिले में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने व अपराध नियंत्रण के संबंध किए गए कार्यों के बारे पुलिस महानिरीक्षक को विस्तृत जानकारी देते अवगत कराया। बैठक में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन आदि मौजूद रहे।



पुलिस महानिरीक्षक अश्विन शैणवी का स्वागत करते एसपी मनदीप सूदन।

कैथल: मंडियों में 3.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

- उपायुक्त अपराजिता के निर्देशानुसार सरकारी खरीद प्रक्रिया पर प्रशासन की नजर

कैथल। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में धान की आवक और सरकारी खरीद प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। 13 अक्टूबर तक जिले की विभिन्न मंडियों में कुल 3,09,220 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं, 1,31,736 मीट्रिक टन धान का उठान किया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि मंडियों में फसल लेकर पहुंचने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और खरीद एवं उठान की प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से जारी रहे।

जिले में धान खरीद के कार्य में विभिन्न सरकारी एजेंसियां जुटी हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 1,51,654 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। इसी प्रकार हैफेड द्वारा 1,04,272 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 5,32,94 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। सभी एजेंसियों के माध्यम से खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पावन प्रसंगों से गांव बीर बागड़ा भक्तिमय

- कपिलेश्वर अवतार, सती, ध्रुव और विदुर चरित्र का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव बीर बांगड़ा के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास जितेन्द्र शास्त्री ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के तीसरे दिन मुख्य रूप से कपिलेश्वर अवतार, कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और विदुर चरित्र जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत जैसे धार्मिक ग्रंथ हमें सत्य, धर्म, सेवा, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। जितेन्द्र शास्त्री ने कपिलेश्वर अवतार की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान के अवतार का उद्देश्य जीवों का कल्याण करना और मनुष्य को सत्य एवं धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ाना है। कपिल-देवहूति संवाद के माध्यम से उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया में उलझने के बजाय भगवान की भक्ति, सत्कर्म और सदाचार को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए।



पंडाल में मौजूद श्रद्धालु कथा सुनते मंच पर आचार्य जितेंद्र शास्त्री कथा सुनाते हुए।

सड़क सुरक्षा क्विज में राजौंद की टीम प्रथम

राजौंद। राजकीय कालेज राजौंद में बुधवार को सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंटर स्कूल/कॉलेज रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया गया। खंड स्तर पर प्रतियोगिता में राजकीय कालेज राजौंद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य रोहताश नैन के मार्गदर्शन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय राजौंद तथा राजकीय आईटीआई राजौंद की टीमों ने भाग लिया। रा कन्या कालेज, सैरथा की टीम अनुपस्थित रही। क्विज में विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों तथा जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते सड़क सुरक्षा से जुड़ी अपनी जानकारी का प्रदर्शन किया।

राजौंद में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 300 पहलवानों व कोचों ने लिया भाग

- युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

असंध रोड स्थित ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में खेल महाकुंभ के तहत जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 300 पहलवानों और कोचों ने भाग लिया। स्कूल के चेयरमैन वीरकरण सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।आयोजकों के अनुसार, राजौंद में पहली बार इतने बड़े स्तर पर जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र में कुश्ती और अन्य खेलों को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाना रहा। प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन दोनों शैलियों में पहलवानों के बीच मुकाबले करवाए गए। राजौंद रेसलिंग अकादमी के कोच राकेश ने प्रतियोगिता के आयोजन और व्यवस्थाओं में सहयोग किया।



राजौंद। ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि वीरकरण सिंह राणा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

खंड स्तर पर दूसरे राउंड की सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में 4500 बच्चों ने लिया भाग



कैथल। जिले में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया गया। जिला कैथल से 31 अगस्त को आयोजित हुई पहले राउंड की परीक्षा में उतीर्ण करीब 4500 विद्यार्थियों द्वारा 14 अक्तुबर को दूसरे राउंड में परीक्षा में हिस्सा लिया गया। यह परीक्षा चार लेवल पर हुई। यह खंड स्तर की परीक्षा थी, जो कैथल के 6 खंडो में हुई। इसके बाद जिला स्तरीय परीक्षा होगी। उसके बाद राज्य स्तर की प्रतियोगिता होगी। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कुमार, रोड सेफ्टी सेल से एसआई सतबीर, एचसी अनोज द्वारा विभिन्न स्कूलों में परीक्षा दौरान निरीक्षण किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षा को लेकर स्कूली बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दिए। परीक्षा बारे एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बचपन के समय सीखी हुई बाते बच्चे जिंदगी भर याद रखते हैं। बचपन में यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएं तो वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं, क्योंकि कि बचपन का समय स्वर्णिम कॉल होता है तथा सीखने और सीखाने का सही समय होता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा है।

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर एक से होगा सांसद खेल महोत्सव का आगाज

- खेल महोत्सव में 11 खेलों में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर मिलेंगे नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में 1 नवंबर से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार आयोजन को पहले से अधिक भव्य बनाने की तैयारी है। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ नकद पुरस्कार जीतने का अवसर भी मिलेगा।



कैथल। कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान व अन्य सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सांसद खेल महोत्सव 2026 की विस्तृत जानकारी कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिन्दल हाउस कैथल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

इस बार सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, क्रिकेट, एथलेटिक्स और रस्साकशी सहित 11 खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन के पहले चरण में 1 से 20 नवंबर तक विधानसभा स्तर पर मुकाबले होंगे, जबकि दूसरा चरण 7 से 16 दिसंबर तक लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

कैथल: वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने किया इंटरनेशनल स्किल सेंटर का भ्रमण



कैथल। आरकेएसडी नवीन अवसार इंटरनेशनल स्किल सेंटर, कैथल में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भ्रमण कर वहां संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। नवनीत गोयल, अधिवक्ता एवं प्रधान, आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने बताया कि इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर कोर्सेज तथा वीएलसीसी के ब्यूटी एंड वेलनेस पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सेंटर में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही आधुनिक कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों से परिचित कराने, व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भ्रमण के दौरान बिमल ठाकुर, नवीन जिंदल फाउंडेशन; रणवीर पाराशर, पूर्व अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन; बलबीर बंसल, अधिवक्ता; अमित, अधिवक्ता; श्रीमती नीतू सिंह; श्रीमती सरिता सोलंकी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल खेतरपाल, सुरेंद्र गोरसी, जनक राज चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

धर्म-कर्म शारदीय नवरात्र के अवसर पर नौ दिवसीय मेले का किया जा रहा आयोजन

फतेहपुर के माता मनसा देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर धागा खोलने आते हैं भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव फतेहपुर स्थित प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर नौ दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के दौरान मंदिर में माता के दर्शन और पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूंडरी और फतेहपुर के अलावा आसपास के गांवों तथा दूसरे प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता के दरबार में शीश नवाते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।



पूंडरी। फतेहपुर माता मनसा देवी मंदिर में पूजा करते पुजारी। फोटो : हरिभूमि

नवरात्र पर मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। माता के दर्शन करने के लिए भक्तों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इसके बावजूद श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गांव फतेहपुर का माता मनसा देवी मंदिर क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल है। मंदिर में माता मनसा देवी पिंडी रूप में विराजमान हैं।

प्राचीन वट वृक्ष पर धागा बांधने से हर मनोकामना पूर्ण

मंदिर के पुजारी संजीव कुमार और सुमित शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में एक प्राचीन वट वृक्ष है, जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर धागा बांधते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से प्रार्थना करके धागा बांधने वाले श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने पर दोबारा मंदिर पहुंचते हैं और वृक्ष पर बांधा गया धागा खोलते हैं। इस परंपरा के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा है। यही कारण है कि यहां हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन करने और मन्नत मांगने पहुंचते हैं। **मेले में किए गए सुरक्षा और भंडारे के प्रबंध :** नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जाते हैं। वहीं, माता मनसा देवी प्रबंधक कमेटी के प्रधान अनिल वालिया, कोषाध्यक्ष विनेश वालिया ने बताया कि कमेटी सदस्य भी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभालते हैं। मेले के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत होशियारपूरा में सफाई कर्मी के एक रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदनकर्ता उसी गांव का ही निवासी हो। यदि किसी अवस्था में सफाई कर्मी के काम के लिए ग्राम विशेष में लोग पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हो तो नजदीक के किसी गांव के निवासी को भी लगाए जाने की अनुमति दी जाएगी। आवेदक स्त्री हो या पुरुष शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से 42 वर्ष के बीच होनी चाहिए व आरक्षित श्रेणी को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। वह किसी भी कार्य दिवस में अपना आवेदन खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सफीदों के कार्यालय में दिनांक 16.10.2026 से 23.10.2026 तक (कार्यालय समय प्रातः 9:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक) जमा करवा सकता है। प्राथमिकता गांव के आवेदक को दी जाएगी।

सरपंच
ग्राम पंचायत होशियारपूरा।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
-कम-कमेटी सदस्य सचिव
सफीदों (जीन्द)

ग्राम पंचायत हाडवा
ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जींद) हरियाणा

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हाडवा में पावल वाला तालाब की खुली बोली 23.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे सागरपाना चौपाल में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी राशि 20,000/- होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच, सुनील कुमारी
ग्राम पंचायत हाडवा
खण्ड पिल्लुखेड़ा (जींद)
मो. नं. 9671987609

जींद में बुआ ने चूरमा खिलाया, गले लगाकर दिया आशीर्वाद, मां ने कहा : बेटी नीरू डीएसपी लग जाए

एशियाई खेलों की गोल्ड गर्ल नीरू ढांडा पहुंची जींद, भव्य स्वागत

जींद से खुली जीप पर ट्रैक्टरों व वाहनों के काफिले के साथ ले जाया गया गांव संगतपुरा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में छोटा सा योगदान दिया : नीरू ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन कर जींद का देश और प्रदेश में नाम रोशन करने वाली गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा बुधवार को जींद पहुंची। जींद पहुंचने पर ढोल, नगाड़ों की गूंज और उत्साह के बीच नीरू ढांडा का भव्य अभिनंदन किया गया। नीरू ढांडा ने सबसे पहले जयंती देवी मंदिर में मां जयंती के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्हें जींद के ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर से ट्रैक्टरों व वाहनों के काफिले के साथ उनके पैतृक गांव संगतपुरा तक ले जाया जाएगा। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत होगा। गांव के स्टेडियम में आयोजित नीरू ढांढा के स्वागत समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, मंत्री रणबीर गंगवा और मंत्री महिपाल ढांडा सहित अन्य गणमान्य लोग पहुंचे। एशियन गेम्स में ट्रैप शूटिंग में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतने वाली जींद की नीरू ढांडा सबसे पहले जयंती देवी मंदिर पहुंचीं और पूजा-अर्चना की। इसके बाद रोड शो करते हुए अपने गांव संगतपुरा पहुंची। यहां उनकी बुआ आजादो देवी ने उन्हें चूरमा खिला कर स्वागत किया।



जींद। गोल्डन गर्ल नीरू के जींद पहुंचने पर स्वागत करते हुए तथा गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा को सम्मानित करते हुए मंत्री।


जींद। मंच पर गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा के साथ सेल्फी लेते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।


जींद। मंच पर नीरू ढांडा को सम्मानित करते हुए।


जींद। गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा के स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे लोग।


जींद। अपनी मां को गोल्ड मेडल पहनाते हुए नीरू ढांडा।

मां बोली : नीरू को टींडी चूरमा पसंद



नीरू की मां सुदेश ने कहा कि बेटी तीन माह बाद अपने गांव लौटी है। नीरू को खाने में चूरमा और टींडी सबसे ज्यादा पसंद है। उसके लिए दोनों चीजें बनाई हैं। मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए लिए पांच रोटी का चूरमा बना कर दिल्ली भेजा है। बेटी ने जब से एशियन गेम्स में गोल्ड जीता है, तब से संगतपुरा गांव में उत्सव जैसा माहौल है।

नीरू के नाम से गांव में स्टेडियम व खेल नर्सरी बनवाने की मांग

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडाए पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिडढा को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नीरू के नाम से गांव में खेल स्टेडियम व नर्सरी बननी चाहिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगतपुरा जो एक एक कलस्टर भी है, इस स्कूल को पीएम श्री स्कूल बनाया जाए। गांव में आधुनिक ई लाइब्रेरी बनाई जाए। गांव में आधुनिक हर्बल पार्क का निर्माण करवाया जाए। जयदीप के तालाब से लेकर गोमवती तालाब तक गली का निर्माण करवाया जाए। ग्राम सचिवालय का निर्माण हो।

लड़कियां खेलों में आगे आएं

गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा ने मां जयंती देवी मंदिर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 का विकसित राष्ट्र के लक्ष्य में उन्होंने अपना छोटा सा योगदान दिया है। लड़कियां खेलों में आगे आएं, इससे ज्यादा उन्हें और क्या खुशी हो सकती है। अभी गांव से एक नीरू निकली है और आगे और भी कई नीरू निकलेंगी। सरकार को भी लड़कियों को खेलों और शिक्षा में बढावा देना चाहिए। 48 साल बाद उनकी फिल्ड में गोल्ड आया है और वो बहुत सौभाग्यशाली हैं। नीरू ढांडा ने कहा कि वो सौभाग्यशाली हैं और आज नवरात्र के दिन वो जींद पहुंची और मां जयंती के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। उनकी जीत में पूरे गांव, परिजनों, आसपास के लोगों का पूरा सहयोग रहा है।

नीरू ढांडा ने जीते दो गोल्ड सहित तीन मेडल

कबड्डी छोड़ शूटिंग में आई और उधार की गन से शूटिंग की शुरुआत की। नीरू ढांडा स्कूली दिनों में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी थी। बाद में उन्होंने शूटिंग शुरू की। शुरुआती दिनों में उन्होंने उधार की गन से प्रैक्टिस की। परिवार दूध बेचकर उनके लिए बुलेट का इंतजाम करता था। उन्होंने बीए किया और फिर मिलिट्री पुलिस में सूबेदार बनी। नीरू ने अमृतसर की यूनिवर्सिटी से बीए की पढ़ाई की और साथ में शूटिंग की प्रैक्टिस जारी रखी। परिवार के मुताबिक नवंबर 2025 में इंटरनेशनल शूटिंग कॉम्पिटिशन में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उन्हें मिलिट्री में नायब सूबेदार की नौकरी मिली थी। बाद में वह प्रमोट होकर सूबेदार बनी। फिलहाल वह भारतीय सेना की मिलिट्री पुलिस में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं। जापान में हुए एशियन गेम्स में नीरू ने ट्रैप शूटिंग में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। महिला ट्रैप शूटिंग के इंडिविजुअल इवेंट के फाइनल में उन्होंने 30 में से 28 निशाने लगाए।

गोल्डन गर्ल नीरू ने की सभी को राम-राम

गांव संगतपुरा के राजकीय स्कूल में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान नीरू ढांडा ने कहा कि मेरे गांव के दादा खेड़ा को नमन करते हुए आप सभी को मेरी राम-राम। नीरू ढांडा ने कहा जहां वे खेली हैंए वह कोई छोटी जीत नहीं थी। मेरे गांव और प्रदेश के लिए यह बहुत बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि मेरी जीत के लिए माता-पिता ने जो संघर्ष किया हैए उसको वह जीवन में कभी नहीं भूल सकती। उसके माता.पिता ने इतनी आजादी दी, जिसके चलते आज वह आज यहां खड़ी है। इससे दूसरे युवाओं के अभिभावकों को भी प्रेरित होना चाहिए। नीरू ढांडा ने कहा कि 10 साल बाद भारत में ओलंपिक होंगे। वह चाहती हैं कि ओलंपिक में उनके गांव के खिलाड़ियों की ज्यादा भागेदारी हो।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश एवं देश का बढ़ाया मान : महिपाल ढांडा

जींद। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने एशियन गोल्ड विजेता नीरू ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ी बचपन से ही मेहनत और अभ्यास शुरू कर देता है लेकिन सफलता हासिल करने के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। नीरू ढांडा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने नीरू ढांडा को भविष्य में ओलंपिक खेलों के लिए तैयारी करने तथा देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नीरू ढांडा द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहींए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बुधवार को गांव संगतपुरा में गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा के स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने शिरकत की। तीनों ही नेताओं ने नीरू ढांडा को 15-15 लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई

- **नीरू ढांडा की सफलता से प्रदेश की अन्य बेटियों को भी खेलों में आगे बढने की मिलेगी प्रेरणा : कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा**

योजनाओं और खेलों इंडिया जैसी पहल से खिलाड़ियों को आगे बढने के अवसर मिल रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है कि भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। नीरू ढांडा की उपलब्धि अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में लगभग 1500 खेल नर्सरियां स्कूलों में स्थापित की गई हैं ताकि बच्चों को शुरुआती स्तर से ही खेलों का प्रशिक्षण मिल सके। वर्ष 2013.14 के बाद आज सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बढ़कर 92 प्रतिशत तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद विभिन्न राजकीय स्कूलों में लगभग 38 हजार कमरों का निर्माण करवाया गया है। सरकारी स्कूलों में आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च कर स्कूलों का कायाकल्प करने की योजना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। सम्मान समारोह में पंहुचे कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने नीरू ढांडा ने अपनी मेहनतए लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता प्रदेश की अन्य बेटियों को भी खेलों में आगे बढने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। नीरू ढांडा की उपलब्धि पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके वर्षों के संघर्ष और परिवार के सहयोग की अहम भूमिका होती है। नीरू ढांडा ने अपनी उपलब्धि से साबित किया है कि अगर लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां आज खेलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

कष्ट निवारण फोरम की बैठक 21 अक्टूबर को

कैथल। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता भूपिंदर सिंह ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक विशेष उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष श्री योगराज करेंगे। यह बैठक एसई सर्कल, यूएचबीवीएन, कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं हो पाया है, वे निर्धारित समय पर अपनी शिकायत फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

वेदा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कला और संगीत प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

नरवाना। वेदा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जिला स्तरीय कला एवं संगीत प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गायन (संगीत) प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र यश, धैर्य, सिद्धार्थ, केशव, रणविजय और पार्थ ने शानदार प्रस्तुति देकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी ओर, कला प्रतियोगिता में भी विद्यालय के छात्र परमित ने अपनी कलात्मक सोच और बेहतरीन कलाकृति के दम पर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्राचार्या ने इस बड़ी सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, यह उनके स्कूल के लिए बेहद गर्व का क्षण है। हमारे छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय प्रबंध समिति ने इस उपलब्धि पर प्राचार्या व समस्त स्टाफ कि सराहना की तथा बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी।


नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या सिल्की चोपड़ा।

एसडी महिला कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

एसडी महिला महाविद्यालय, नरवाना में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ , आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ , एवं करियर गाइडेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग प्रणाली तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वित्तीय मामलों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित करना था। धर्मेंद्र कुमार कथूरिया, वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली, बैंक खातों के महत्व, बचत की आदत, वित्तीय नियोजन तथा बैंकिंग सेवाओं के उचित उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि वित्तीय साक्षरता केवल धन कमाने या बचत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें धन का सही प्रबंधन, भविष्य की आवश्यकताओं के लिए योजना बनाना तथा आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लेना भी शामिल है। कथूरिया ने छात्राओं को डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते महत्व से भी अवगत कराया।


नरवाना। छात्राओं को संबोधित करते विशेष अतिथि। फोटो :हरिभूमि

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में विधायक ने गिनाईं सरकार की योजनाएं

उचाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग उचाना की ओर से उचाना मंडी की लाला प्रभु दयाल धर्मशाला में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन मंदिर से सशक्त महिला कलश यात्रा के साथ हुई। यात्रा में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका समापन लाला प्रभु दयाल धर्मशाला परिसर में पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने मंत्रोच्चारण से करवाया। अध्यक्षता सीडीपीओ कांता यादव ने की, जबकि मंच संचालन मा. रामप्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म निभाई गई। इसके अलावा 51 हेल्दी बेबी किट वितरित कर लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। दो क्लस्टर की छह महिलाओं को सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रदान किए गए। विधायकने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के हितों और उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।


उचाना। गोद भराई रस्म कार्यक्रम में आशीर्वाद देते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

गरबा नाइट में महिलाओं ने फिल्मी धुनों पर किया डांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

नवरात्रों के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी की ओर से दी हैवन पैलेस में गरबा नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लेते हुए फिल्मी धुनों पर गरबा और डांस किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस दौरान पूरा माहौल उत्सवमय नजर आया।

कार्यक्रम में अग्रवाल वैश्य समाज कैथल की अध्यक्ष अक्षरा गुप्ता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक और भारतीय संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। परिषद शाखा की महिला सह प्रमुख इंदु शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति को अपनी संस्कृति और परंपराओं का बोध करवाने के उद्देश्य से शाखा की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।


पूंडरी। कार्यक्रम में भाग लेते हुए परिषद महिलाएं, मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए परिषद सदस्य।

गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूक रहें उपभोक्ता : राजेश वशिष्ठ

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मनाया विश्व मानक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में विश्व मानक दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि हर वर्ष 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस मनाने का उद्देश्य उपभोक्ताओं, उद्योगों और नियामक संस्थाओं को गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूक करना है।राजेश वशिष्ठ ने कहा कि उपभोक्ताओं को सामान खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रमाणन चिह्नों की जांच करनी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। गुणवत्ता मानकों का पालन उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देश में वस्तुओं और सेवाओं के मानकीकरण तथा गुणवत्ता प्रमाणन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन अंतरराष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग और अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ भी वैश्विक मानकों के विकास में योगदान देते हैं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने किया आरकेएसडी इंटरनेशनल स्किल सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी नवीन अवसार इंटरनेशनल स्किल सेंटर, कैथल में वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भ्रमण कर वहां संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। नवनीत गोयल, अधिवक्ता एवं प्रधान, आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने बताया कि इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर कोर्सेज तथा वीएलसीसी के ब्यूटी एंड वेलनेस पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सेंटर में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही आधुनिक कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीकों से परिचित कराने, व्यावहारिक कौशल विकसित करने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भ्रमण के दौरान बिमल ठाकुर, नवीन जिंदल फाउंडेशन; रणवीर पाराशर, पूर्व अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन; बलबीर बंसल, अधिवक्ता; अमित, अधिवक्ता; श्रीमती नीतू सिंह; श्रीमती सरिता सोलंकी तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल खेतरपाल आदि रहे।


कैथल। वरिष्ठ अधिवक्ता आरकेएसडी नवीन अवसार इंटरनेशनल स्किल सेंटर का भ्रमण करते हुए।

दुर्गा मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा

राजौंद। नवरात्र के चौथे दिन दुर्गा मंदिर में मां कुष्मांडा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर होकर मां के जयकारे लगाते नजर आए।नवरात्र के चलते राजौंद के विभिन्न मंदिरों में भी सुबह-शाम श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र को लेकर शहर में धार्मिक माहौल बना हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

अस्पताल में जगह-जगह वाहन खड़े कर एंबुलेंस के लिए बन रहे बाधा

वाहन चालकों की लापरवाही न पड़ जाए गंभीर मरीजों पर भारी

दो पार्किंग के बावजूद जगह-जगह खड़े कर रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों के लिए दो-दो पार्किंग की सुविधा अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवा दी गई हैं। बावजूद इसके लोगों द्वारा अपने वाहनों को ऐसी जगहों पर खड़ा किया जा रहा है, जहां से कभी भी इमरजेंसी के समय एंबुलेंस को गुजरना पड़ सकता है। इस समय गोहाना रोड की तरफ से राजकीय महाविद्यालय के सामने गेट पर ताला लगाया गया है। जिसके चलते न तो यहां से दोपहिया वाहन गुजर सकते हैं और न ही बड़े वाहन। इसी का फायदा उठा कर लोग यहां अपने वाहनों को खड़ा कर रहे हैं। जिसके चलते पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर जाने वाले वाहनों को भी यहां से गुजारने में परेशानी होती है। अगर इमरजेंसी में एंबुलेंस को यहां से गुजारना हो तो वाहनों को हटवाने में ही काफी समय लग जाएगा। ऐसे में कभी भी किसी की जान पर बन सकती है। नागरिक अस्पताल में आने को लेकर दो गेट हैं। एक गेट राजकीय महाविद्यालय के सामने है जबकि दूसरा गेट थोड़ी सी दूरी है।


जींद। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम रूम के पास खड़े किए गए वाहन।

एंबुलेंस तक के जाने का नहीं बचता रास्ता

वाहन चालकों की मनमानी के चलते अस्पताल प्रशासन द्वारा राजकीय महाविद्यालय के सामने का गेट बंद किया हुआ है। अगर वाहन चालक अपनी जिम्मेवारी को समझें और अंदर और बाहर की तरफ कोई वाहन न खड़ा करें तो इससे इमरजेंसी के समय एंबुलेंस को आने व जाने के लिए रास्ता उपलब्ध हो जाएगा। जिससे मरीज समय पर पुरानी बिल्डिंग के इमरजेंसी वार्ड तक पहुंच सकेंगे।

महाविद्यालय के सामने वाले गेट पर हर समय ई रिक्शा, श्रीव्हीलरों का जमावड़ा लगा रहता है। इसलिए इस गेट को बंद किया हुआ है। अब वाहन चालक इस गेट के बाहर की तरफ ही श्रीव्हीलर या ऑटो रिक्शा को खड़ा कर सवारियों को बैठाते हैं। वहीं वाहन चालकों ने गेट बंद होने के चलते अंदर की तरफ दिया है। जिसके चलते पोस्टमार्टम के बाद शव को एंबुलेंस या अपने वाहन से ले जाने में परेशानी होती है। अस्पताल में आने वाले वाहनो को इधर-उधर खड़ा किए जाने की समस्या को देखते हुए प्रबंधन द्वारा दो पार्किंग बनाई गई हैं। एक पार्किंग सीएमओ कार्यालय के सामने पार्क में तथा दूसरी पार्किंग नई बिल्डिंग के पीछे सीटी स्कैन सेंटर के सामने बनाई गई है लेकिन चालक अपने वाहनों को पार्किंग में खड़ा करने की बजाए अस्पताल में ही इधर-उधर खड़ा गंभीर रूप से आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में वाहनों के लिए दो पार्किंग बनाई गई हैं। बाकायदा यहां सिक्योरटी कर्मियों की डयूटी भी लगाई गई है। बावजूद इसके वाहन चालक अस्पताल परिसर में अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर गंभीर मरीजों के लिए खतरा खड़ा कर रहे हैं।